# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Digital Edition

Website : www.demokraticfront.com

शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4 | चंडीगढ़ | E-mail : sareeka2473@gmail.com | RNI No.: HARHIN/11362


## एक नजर

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री करेंगे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हरियाणा एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सौजन्य से टी बी मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान का शुरू किया जाएगा। स्थानीय इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित इस अभियान का शुभारम्भ 7 दिसम्बर को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा कुमारी आतरी सिंह राव, विधायक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। उपायुक्त आज लघु सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री इस अवसर पर अभियान को जन जन तक पहुंचाने और लोगों के स्वास्थ्य जांच को लेकर चलाई जाने वाली 10 निक्षय वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में विभाग द्वारा स्वास्थ्य संबंधी दी जा रही सुविधाओं बारे विस्तार से जानकारी दी जाएगी। श्रीमति मोनिका गुप्ता ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री टीबी मुक्त हरियाणा बनाने में सराहनीय कार्य कर रहे अक्षय मित्र टीबी चैम्पियन को भी सम्मानित करेंगे। इसके अलावा टीबी मुक्त क्षेत्र में प्रेरित करने वाली वीडियो भी दिखाई जाएगी। बैठक में डीसीपी हिमाद्री कौशिक, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम पंचकूला गौरव चैहान, एसडीएम कालका राजेश पूनिया, नगराधीश विश्वजीत जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी गगन सिंगला, जिला राजस्व अधिकारी कुलदीप मलिक, संयुक्त सचिव एचएसवीपी मानव मलिक, डा. विकास गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर 'बाबा' मनाता रहा रंगरलियां, अश्लील तस्वीरें और वीडियो आई सामने

**डेमोक्रेटिक फ्रंटअहमदाबाद.** शहर में एक बार फिर धर्मगुरु पर विवादित आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय एक साधु, गोविंदगिरी, पर गुजरात की महिला जो ट्रांसजेंडर थी और सेक्स चेंज सर्जरी करवा चुकी है, ने यौन शोषण और ठगी का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि साधु ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसे धोखा देकर पैसे ठग लिए। बाबा की अश्लील तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गई हैं। महिला ने बताया कि वह गोविंदगिरी को काफी समय से जानती थी और दोनों के बीच काफी नजदीकी थी। सोशल मीडिया पर दोनों के कई वीडियो वायरल हैं, जिनमें वे साथ में घूमते-फिरते और एक-दूसरे को प्यार जताते दिख रहे हैं। हालांकि, महिला का आरोप है कि साधु ने उसके साथ विश्वासघात किया और उसे धोखा दिया। महिला ने बापोड पुलिस स्टेशन में साधु गोविंदगिरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साधु गोविंदगिरी ने अपने बचाव में कहा कि दोनों के बीच आपसी सहमति से संबंध थे और महिला के आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म को बदनाम करने की साजिश है।

### संभल में उपद्रव के बाद पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त कार्रवाई, विदेशी कारतूस बरामद

**डेमोक्रेटिक फ्रंटसंभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हाल ही में हुए उपद्रव के बाद पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जानकारी दी कि उपद्रवियों द्वारा जिन सड़कों और गलियों में पथराव और फायरिंग की गई थी, वहां नगरपालिका की मदद से सफाई का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सफाई प्रक्रिया के दौरान पुलिस को साक्ष्य एकत्रित करने में भी मदद मिल रही है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गुरुवार को 7.65 मिमी के दो खोखे और 12 बोर के दो कारतूस मिले हैं। इन कारतूसों पर मेड इन यूएसए लिखा हुआ है। पहले पाकिस्तान आर्मी फैक्ट्री से जुड़े विदेशी कारतूस मिले थे। अब तक कुल 10 विदेशी कारतूस बरामद हो चुके हैं, जो भारत में प्रतिबंधित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में कोई भी सुरक्षा एजेंसी इन विदेशी कारतूसों का प्रयोग नहीं करती है। फॉरेंसिक टीम बैलिस्टिक विशेषज्ञों से राय लेकर इन साक्ष्यों को पुलिस के सुपुर्द करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। इससे पहले एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा था कि संभल में 24 नवंबर को जो घटना हुई, वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। घटना में 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। चार लोगों की मौत हुई थी। अभी तक 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 83 लोगों को प्रकाश में लाया जा चुका है। करीब 400 से ज्यादा लोगों के फोटो की पहचान की जा चुकी है। इनकी पहचान कर जल्द प्रकाश में लाया जाएगा। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जितने भी लोगों ने सार्वजनिक या प्राइवेट संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उसका आकलन लगभग हो चुका है। भीड़ में जिन उपद्रवियों द्वारा इस संपत्ति को तबाह किया गया था।

# जरूरतमंद और पंक्ति में अंतिम स्थान पर खडे परिवार के बच्चों के शिक्षा स्तर को उपर उठाने का कार्य करें संस्था : विपुल गोयल

- मंत्री ने चंडी माता मंदिर में बनाए गए भंडारा हाल का किया उद्घाटन
- विपुल गोयल ने जय मां अन्नपूर्णा संस्था को एक भंडारा वैन देने की करी घोषणा




**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उडडयन मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि चाहे चंडी माता मंदिर हो, चाहे मनसा देवी मंदिर हो या फिर काली माता कालका मंदिर हो, श्राइन बोर्ड ने सभी जगहों पर अच्छी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि यहां पर जगह की कोई कमी नहीं है। ऐसे में संस्था जरूरतमंद और पंक्ति में अंतिम स्थान पर खड़े परिवार के बच्चों की शिक्षा को लेकर कोई कार्य शुरू करें और शिक्षा के स्तर को उपर उठाएं। सरकार की तरफ से पूरी मदद की जाएगी। विपुल गोयल ने ट्रस्ट को एक भंडारा वैन देने की घोषणा भी की। मंत्री श्री विपुल गोयल आज चंडी माता मंदिर परिसर में जय मां अन्नपूर्णा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाए गए भंडारा हाल का उद्घाटन करने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले श्री विपुल गोयल ने मंदिर में पहुंचकर सबसे पहले हवन में पूर्णाहुति डाली, माता की आरती में हिस्सा लिया और मंदिर में मथा टेककर महामाई चंडी माता जी का आशीर्वाद लिया। मंत्री ने कहा कि दो दिन पहले चंडीगढ़ आए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी चंडी माता जी की महिमा का गुणगान किया था। चंडी माता मंदिर का वर्णन काफी पुराना है। चंडी माता के नाम से ही शहर का नाम चंडीगढ़ पड़ा। यहां पांडवों ने तपस्या की। उन्होंने कहा कि मंदिर की मूर्ति देखने से ही पता चलता है कि ये बातें करीब 5000 साल पहले की हैं। जिस पर माता की दृष्टि पड़ जाए उसका उद्धार हो जाता है। विपल गोयल ने कहा कि पिंजोर में पायलट प्रशिक्षण की व्यवस्था जल्द ही दोबारा पिंजोर में शुरू की जाएगी। करनाल व अन्य स्थानों के पायलटों के लिए भी प्रशिक्षण पिंजोर में ही दिया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिसार और अंबाला एयरपोर्ट के लाइसेंसों के काम अंतिम चरण में हैं। जो सप्ताहभर में पूरे हो जाएंगे। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उद्घाटन का समय लिया जाना है। जो भी समय मिलेगा तब उद्घाटन करवाकर काम शुरू करवा दिया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि हरियाणा एकमात्र राज्य है, जहां पर 24 फसलों के दाने-दाने की खरीद एमएसपी पर की जाती है। किसानों को फसल खरीद का पैसा 72 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 9 सीजन में 12 लाख किसानों के खातों में 1.26 लाख करोड़ रूपये सीधे बैंक खातों में डाले जा चुके हैं। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, नगर निगम मेयर कुलभूषण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ डा. अशोक बंसल, काली माता मंदिर कालका के सचिव पृथ्वी राज, महंत अमरदीप, बृजपाल गर्ग, तेजपाल गुप्ता, रमाकांत भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## ठीक से काम नहीं किया तो बुलडोजर के नीचे डाल देंगे', गडकरी ने ठेकेदारों को दी चेतावनी

**डेमोक्रेटिक फ्रंटनई दिल्ली.** लोकसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क परियोजनाओं में कॉन्ट्रैक्टर्स की लापरवाही से लेकर टोल केंद्रों की संख्या को लेकर जवाब दिया। इसी के साथ सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर रोष जाहिर किया। दरअसल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की खामिया गिनाई थीं और 150 से ज्यादा लोगों की मौत की बात कही थी। नागौर से सांसद ने बताया था कि अकेले दौसा में ही 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए ठेकेदारों और अफसरों पर कार्रवाई और जांच रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री से जानकारी मांगी थी। गडकरी ने कहा, यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे है और वैश्विक स्तर पर सबसे कम समय में बनाया गया है। इसकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि लेयर में फर्क आया है, लेकिन मैटेरियल में बदमाशी नहीं हुई है। कुछ जगह पर लेयर जरूर दब गई है, जिसका पता चला। हमने इसको सुधारने के लिए कहा था, जिसे सुधारा गया है। जहां लेयर में फर्क आया है, उसके लिए 4 ठेकेदारों को



हमने जिम्मेदार ठहराया और उनको नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। जो अधिकारी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। गडकरी ने कहा, अगर ऐसे क्वालिटी से जुड़ा खराब काम कॉन्ट्रैक्टर करता है तो वो छह महीने तक कोई टेंडर नहीं भर सकेगा। ऐसी नीति हमने बनाई है और अधिकारी जो हैं, उनको भी विशेष रूप से इसमें कार्रवाई कर के नौकरी से सस्पेंड करेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में मेरे विभाग ने 50 लाख करोड़ के कार्य किए हैं। किसी भी कॉन्ट्रैक्टर को अपने कॉन्ट्रैक्ट के लिए मंत्रालय नहीं आना पड़ा। हम पारदर्शी हैं, समय सीमा को लेकर प्रतिबद्ध हैं और नतीजे चाहते हैं। मैं सार्वजनिक सभा में कह चुका हूं कि अगर कॉन्ट्रैक्टर काम नहीं करेगा तो बुलडोजर के नीचे उसको डलवा देंगे, याद रखना। इस साल देखो कॉन्ट्रैक्टर को कैसे ब्लैक लिस्ट करवाते हैं। इनको बिल्कुल ठोक पीट कर सीधा कर देंगे।

## किसानों को बिजाई के समय डीएपी, सिंचाई के समय यूरिया व कटाई के समय एमएसपी देने में हमेशा नाकाम रही बीजेपी : हुड्डा

### किसानों की मांगों को मानते हुए एमएसपी देने का वादा पूरा करे बीजेपी : हुड्डा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी किसानों को बिजाई के समय डीएपी, सिंचाई के समय यूरिया और कटाई के समय एमएसपी देने में हमेशा नाकाम साबित हुई है। यही वजह है कि बार-बार अपनी मांगों को लेकर किसानों को आंदोलन करना पड़ता है। लेकिन सरकार किसानों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है। जबकि पिछली बार आंदोलन खत्म करवाते हुए सरकार ने एमएसपी के लिए बाकायदा एक कमेटी बनाने का ऐलान किया था। लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी किसानों के हाथ खाली हैं और वह सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं।

हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों को जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने-जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन बीजेपी सरकार किसानों से यह अधिकार छीनना चाहती है। जबकि किसानों ने सरकार के बात मानते हुए



बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है। ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार विज्ञापनों में 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात कहती है। जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा में कुल 24 फसलें होती ही नहीं है और जो फसलें होती हैं, उन पर किसानों को कभी एमएसपी नहीं मिलती। धान का उदाहरण सभी के सामने है। चुनाव के समय मुख्यमंत्री ने किसानों को 3100 रु धान का रेट देने का ऐलान किया था। लेकिन चुनाव के बाद सरकार अपने वादे को भूल गई और किसानों को एमएसपी तक नहीं मिल पाई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जान से रोकने को भी हुड्डा ने आलोकतंत्रिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में विपक्ष की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उसकी बात को सुना जाना चाहिए। राहुल गांधी अकेले पीड़ित परिवारों से मिलने जाना चाहते थे। बावजूद इसके उनको रोकना पूरी तरह उनके संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना है।

निकाय चुनावों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि हर बार बीजेपी निकाय चुनाव में देरी करती है। कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

## 50 लाख लोगों को छोड़ना होगा कनाडा, पंजाबियों पर पड़ेगा बड़ा असर

**डेमोक्रेटिक फ्रंटनई दिल्ली.** भारत के विद्यार्थियों सहित उन सात लाख विदेशी विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में हैं जो कनाडा में लाखों रुपये खर्च कर पीआर व सिटीजन होने का सपना संजो रहे हैं। कनाडा में 2025 के अंत तक करीब 50 लाख अस्थायी परमिट समाप्त होने वाले हैं, जिनमें सात लाख भारतीय हैं और इसमें अधिकतर पंजाबी। कनाडा में अगर उनका वर्क परमिट की अवधि नहीं बढ़ी तो उनको देश छोड़ना होगा। कनाडा इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने बताया कि 50 लाख परमिट समाप्त होने वाले है। इसमें से 7 लाख परमिट विदेशी विद्यार्थियों के हैं। अस्थायी वर्क परमिट आमतौर पर 9 महीने से 3 साल की अवधि के लिए जारी किए जाते हैं। ये वर्क परमिट कनाडा में स्थायी निवास के लिए आवेदन करने के लिए आवश्यक अनुभव प्राप्त करने के लिए डिप्लोमा या डिग्री वाले विदेशी छात्रों को जारी किए जाते हैं।

## ईपीएफओ आपको करेगा मालामाल, अगर आपका भी पीएफ कटता है तो जरूर पढ़े ये खबर

**डेमोक्रेटिक फ्रंटनई दिल्ली.** अगर आपका भी पीएफ कटता है तो ये खबर आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकती है। क्योंकि EPFO ने UAN लिंक करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। पहले ये 30 नवंबर थी, जो अब बढ़ाकर 15 दिसंबर 2024 कर दी है। बैंक अकेउंट को आधार से लिंक करने की समय सीमा भी बढ़ गई है। नियोक्ताओं से कहा गया है कि सभी नए कर्मचारियों का UAN और बैंक खाता समय पर अपडेट करें। इससे कर्मचारियों को सरकार की योजना का पूरा लाभ मिलेगा। ELI योजना का मुख्य उद्देश्य नई नौकरियां बढ़ाना और कर्मचारियों व नियोक्ताओं को मदद देना है। इसके तहत पहली बार नौकरी पाने वालों को आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा। नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार देने पर फायदा होगा। UAN और आधार लिंक करना जरूरी है, ताकि कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को इस योजना का पूरा लाभ मिल सके। योजना A उन लोगों के लिए है, जो पहली बार नौकरी कर रहे हैं। इसमें कर्मचारियों को 15,000 रुपए तक की सैलरी तीन किश्तों में दी जाएगी।

# पानीपत से होगी महिला सशक्तिकरण की नई शुरुआत, मोदी 9 दिसंबर को लॉन्च करेंगे बीमा सखी योजना

**डेमोक्रेटिक फ्रंटपानीपत।** देश के इतिहास में एक और नया दौर 9 दिसंबर को पानीपत से शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां महिलाओं के लिए एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। यह वही पानीपत की एतिहासिक धरती है, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शुरुआत की थी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ देशभर में जन आंदोलन बना और हर राज्य में लिंगानुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ। करीब नौ साल पहले जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का शंखनाद किया तो उस समय उस समय हरियाणा का लिंग अनुपात 876 था, जो अप्रत्याशित रूप से बड़ा। हरियाणा सहित पूरे देश की जनता ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आंदोलन के रूप में लिया और आज नतीजे सबके सामने हैं। बेटियों की संख्या बढ़ रही है और इन्हीं बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। 2015 से 2024 के बीच



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं और बेटियों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। इसी महिला सशक्तिकरण की सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब बीमा सखी योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कदम उठाए हैं, उससे देशभर में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पानीपत के सेक्टर 13-17 में होने वाले कार्यक्रम का नाम 'चलो बहनों मोदी जी से मिलने' रखा गया है और इसमें करीब 50 हजार महिलाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने आएंगी। इससे स्पष्ट है कि बेटी बचाओ-बेटी प?ाओ की तरह बीमा सखी योजना से भी देश की महिलाओं के लिए नए युग का सूत्रपात होगा। देश में अपनी तरह की पहली योजना होगी, जिससे महिलाओं को घर बैठे आमदनी का साधन मिलेगी। एलआईसी ऐजेंट के रूप में महिलाएं काम करेंगी और सरकार की तरफ से भी वेतन के रूप में रुपये दिए जाएंगे, प्रोत्साहन राशी और बीमा पॉलिसी का कमीशन अलग से मिलेगा। 9 दिसंबर के बाद मिलाकर महिलाओं का जीवन खुशियों से और ज्यादा खिलखिलाने वाला है।

पानीपत के सेक्टर 13-17 में 9 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद संजय भाटिया कार्यक्रम की तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। हर रोज कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया जा रहा है और ड्यूटी लगाई जा रही हैं। कार्यक्रम के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था की गई है। संजय भटिया के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में ताकत झोंक रखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंच के अलावा दो और अलग-अलग मंच बनाए जा रहे हैं। एक मंच पर 100 से ज्यादा वीवीआईपी और वीआईपी के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक और मंच तैयार किया गया है। 200 सोफे भी विशेष अतिथियों लिए तैयार रहेंगे। यही नहीं बीमा सखी योजना के तहत जिन महिलाओं का चयन कार्यक्रम के लिए किया गया है, उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में सबसे आगे बैठाया जाएगा। कार्यक्रम में एंट्री के लिए विभिन्न अधिकृत पास जारी किए जाएंगे, जिसके माध्यम से कार्यक्रम में एंट्री होगी। कार्यक्रम स्थल और 28 ब्लॉक बनाए गए हैं। मीडिया के लिए मीडिया सेंटर और मीडिया गैलरी भी होगी।

भारतीय जनता पार्टी की महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। लगातार हरियाणा के अलग-अलग जिलों में पहुंचकर सेल्फ हेल्प ग्रुप और महिलाओं के जुड़े संगठनों के साथ बैठक कर रही हैं। सरकारी की योजनाओं की लाभ लेने वाली महिलाओं के साथ-साथ हर वर्ग की महिलाओं को 9 दिसंबर को पानीपत में लाया जाएगा। इसके लिए डॉ. अर्चना गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ जोरशोर से तैयारी में जुटी हुई हैं। बता दें कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने महिलाओं का यह सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। इस योजना के तहत, महिलाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का एजेंट बनाया जाएगा और उन्हें बीमा से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद, महिलाएं अपने आसपास के लोगों का बीमा करके अपनी आय अर्जित कर सकेंगी। इसके साथ ही, महिलाओं को हर महीने निश्चित वेतन भी दिया जाएगा। पहले साल बीमा सखियों को 7,000 प्रति माह, दूसरे साल 6,000 रुपये और तीसरे साल 5,000 रुपये प्रति माह सरकार की ओर से दिए जाएंगे। इसके साथ ही हर महीने 2,100 रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। महिलाओं को बीमा पॉलिसी बेचने पर अतिरिक्त कमीशन मिलेगा, जो उनकी आय को और बढ़ाएगा।

## एक नजर

### क्षमता से अधिक सवारी ढोने पर ट्रैफिक पुलिस पंचकूला ने 1 दिन में काटे 25 ऑटो चालकों के चालान



**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस कमिश्नर पंचकूला श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से. के निर्देशानुसार पंचकूला ट्रैफिक पुलिस जिला में यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए प्रयासरत है। जिसके तहत जिला में यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरुकता अभियान चलाये जा रहे है। इसके अलावा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है जिसमें उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि पंचकूला शहर की मुख्य सड़कों तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में ऑटों चालकों द्वारा क्षमता से अधिक यात्रियों का ढोया जा रहा है। इससे हर समय हादसा होने का खतरा बना रहता है। जिस कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस पंचकूला ने सीसीटीवी के माध्यम से 1 दिन में 25 ऑटों चालकों के चालान काटे है। सिटी ट्रैफिक इन्चार्ज इंस्पेक्टर रामकरण ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना हम सब की जिम्मेदारी है। किसी भी तरह के यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस पंचकूला हेल्पलाइन नंबर 7087084433 पे तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और जिला में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचकूला पुलिस का सहयोग करें।

### क्राफ्ट मेले में नए आकर्षण

क्राफ्ट मेले में चंडीगढ़ वासियों का उत्साह देखते हुए आयोजकों ने मेले में गायकों और महिला बैंड के रूप में नए आकर्षण जोड़े हैं । शुक्रवार को हरियाणा के पद्मश्री महावीर गुड्डू शिव स्तुति और रागिनी की प्रस्तुति देंगे । कश्मीर के लोक और सूफी गायक गुलज़ार गनई तथा जम्मू के प्रसिद्ध गायक चमन लहरी की प्रस्तुति होगी । दिन में खुशी मुहम्मद पंजाब की लोक विरासत नक्काल गायकी की प्रस्तुति देंगे । इसी प्रकार शनिवार को प्रोफेसर मेजर सिंह के लोक वाद्य यंत्रों पर आधारित प्रस्तुति जोड़ी गई है । पंजाब पुलिस बैंड की प्रस्तुति भी शनिवार को रखी गई है ताकि दिन भर मेले में लोग संगीत और नृत्य का आनंद ले सकें । शनिवार को मुख्य आकर्षण पंजाबी गायक हरभजन मान तो होंगे ही । रविवार का दिन भी रंगारंग प्रस्तुतियों से भरा होगा । मेले में महिला बैंड की प्रस्तुति जोड़ी गई है द्य ये बैंड प्रस्तुति डॉ कुलदीप संधू, अनुराधा भगत और गुरलीन कौर के द्वारा की जाएगी । पंजाबी सूफी सिंगर मोहम्मद इरशाद भी अपनी गायकी से स्वर लहरियां बिखेरेंगे । याद रहे रविवार इस वर्ष के मेले का आखिरी दिन है और इस दिन एक विशेष आकर्षण बॉलीवुड के कलाकार अमित कुमार भी होंगे । उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के निदेशक ने ये जानकारी शेयर करते हुए बताया कि उपर्युक्त आकर्षण के साथ साथ लोक कलाओं का प्रदर्शन भी जारी रहेगा । उन्होंने ट्राई सिटी के कलाप्रेमियों से अपील की कि ये तीन दिन इस साल के क्राफ्ट मेले के अंतिम दिन हैं और उनके आनंद के लिए ही मेले में कुछ और प्रस्तुतियां जोड़ी गई हैं ।

### विद्यार्थियों ने देखा हरियाणा विधान सभा परिसर



**चंडीगढ़।** हरियाणा दर्शन अध्ययन यात्रा पर निकले कश्मीरी विद्याथियों के दल ने हरियाणा विधानसभा परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उनके साथ विधायी कामकाज की सामान्य जानकारी सांझा की। विस अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से उनकी राजनीति संबंधी अभिरूची और कैरियर की योजना के संबंध में बातचीत की। विद्यार्थियों का यह दल मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं पंचनद शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह यात्रा कर रहा है। दल में 60 कश्मीरी विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यार्थी हरियाणा विधान सभा का सदन देख कर खुश दिखाई दिए।

### ईसाई भाईचारे ने सदैव आम आदमी पार्टी का साथ दिया: अमन अरोड़ा

**चंडीगढ़.** जालंधर बिशप हाउस डायसिस के फादर बीनू एवं फादर परियाती ने आम आदमी पार्टी पंजाब के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा के साथ चंडीगढ़ में उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठ आप नेता दीपक बाली भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान फादर बीनू एवं फादर परियाती ने अमन अरोड़ा को गुलदस्ता एवं शाल प्रदान करते हुए उन्हें प्रदेश प्रधान बनने की शुभकामनाएं दीं। दोनों ने अमन अरोडा़ को ईसाई समुदाय को पेश आ रही दिक्कतों और समुदाय द्वारा वर्तमान व भविष्य में चल रहे कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान अमन अरोड़ा ने कहा कि ईसाई भाईचारे ने सदैव आम आदमी पार्टी, मान सरकार, अरविंद केजरीवाल का साथ दिया है और हमने भी सदैव ईसाई भाईचारे को समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया है। अगर भविष्य में भी हम ईसाई भाईचारे के लिए कुछ सकारात्मक कर सकें तो यह अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि आप सरकार समाज के हर वर्ग के विकास पर फोकस करती है और इसी कारण सरकार को हर वर्ग का समर्थन प्राप्त है। इस अवसर पर वरिष्ठ आप नेता दीपक बाली ने कहा कि ईसाई समुदाय ने पंजाब के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में भी यह भूमिका जारी रहेगी।

### कपूरथला में जमीन के लिए कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या

**कपूरथला।** जिला कपूरथला पुलिस ने महज 12 घंटे में हत्या के मामले को सुलझा लिया। यह घटना सैदो भुलाणा गांव की है, जहां बेटे ने अपनी संपत्ति के लिए अपने पिता की हत्या कर दी। एसएसपी कपूरथला, गौरव तुरा ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि बेटे को अपने घर से बेदखल किए जाने का डर था, और इसलिए उसने अपनी संपत्ति हासिल करने के लिए यह खौफनाक कदम उठाया। 1 दिसंबर, 2024 को मृतक सूरज कुमार अपने काम पर जा रहे थे, जब उनका बेटा करण कुमार घर से बाहर गया था। सुबह करीब 9ः05 बजे सूरज कुमार का शव खून से लथपथ सड़क पर मिला, जिनके सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया था। मृतक के बेटे ने बताया कि उन्होंने यह घटना देखी और परिवार को सूचना दी। शव को सिविल अस्पताल कपूरथला ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को मिला अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा : सीएम नायब सिंह सैनी

**डेमोक्रेटिक फ्रंटचंडीगढ़।** कुरूक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के दौरान मंत्र उच्चारण और शंखनाद की गुंजायमान ध्वनि के बीच पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन से आज मुख्य कार्यक्रम का आगाज हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जांजीबार की सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री टीएम माविता, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली और ब्रह्मसरोवर पर पूजन भी किया।

इससे पहले सभी गणमान्य ने इस बार के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के पार्टनर देश तंजानिया के पवेलियन का उद्घाटन करने के उपरांत वहां के खान-पान, रहन-सहन, परिधानों को दर्शाने वाले स्टॉल का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से हरियाणा सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से दर्शाया गया है। इसके अलावा, उन्होंने सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के साथ सभी गणमान्य, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्यों और




अधिकारियों के साथ एक ग्रुप स्मृति चित्र भी करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गीता महोत्सव की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा मिला। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आरम्भ हो चुका है जो 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान मानवमात्र को श्रीमद्भगवद्गीता का शाश्वत संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया सहयोगी देश तथा ओडीशा सहयोगी राज्य है। उन्होंने कहा कि सहयोगी राज्य ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी, उत्तर प्रदेश के वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर, मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, गुजरात में द्वारिकधीश, उज्जैन में महाकालेश्वर और जयपुर में ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का लाइव प्रसारण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से लगातार विगत 8 वर्षों से इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। महोत्सव में लाखों की संख्या में देश विदेश से लोग भाग लेने के लिए पहुंचते हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। पिछले वर्ष लगभग 45 से 50 लाख लोगों ने हिस्सेदारी की थी। इस बार भी लाखों लोगों के यहां पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में 18 हजार विद्यार्थियों के साथ वैश्विक गीता पाठ, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों के कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार, ब्रहमसरोवर की महाआरती, दीपोत्सव, 48 कोस के 182 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में सरस और शिल्प मेले का आगाज 28 नवंबर से हो चुका है। इस महोत्सव ने पूरी दुनिया में अपनी एक पहचान बना ली है। महोत्सव की परंपरा का निर्वहन करते हुए हवन यज्ञ, गीता यज्ञ और ब्रह्मसरोवर के पूजन का कार्य किया गया। यह महोत्सव आमजन का महोत्सव बन चुका है और पूरे देश और विदेश के लोग इस महोत्सव के साथ जुड़ चुके है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस महोत्सव में हर साल लाखों लोग आते हैं और इस महोत्सव की शिल्पकला, विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति और धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद लेते है। इस प्रकार के महोत्सव का आयोजन होना एक सौभाग्य की बात है। महोत्सव में शहर की तमाम सामाजिक व धार्मिक संस्थाए अपनी भागीदारी कर रही है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 15 दिसंबर तक चलेगा और सायंकालीन कार्यक्रमों का आनंद पर्यटक उठा सकेंगे।

## राज्यपाल दत्तात्रेय से आंध्र प्रदेश के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**डेमोक्रेटिक फ्रंटचंडीगढ।** आंध्र प्रदेश के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने आज, 5 दिसंबर, 2024 को पंजाब राज्य का अपना प्रेस दौरा शुरू किया।

प्रतिनिधिमंडल में आठ पत्रकार और प्रेस सूचना ब्यूरो तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो, विजयवाड़ा के अधिकारी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने पहले दिन राजभवन में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, विजयवाड़ा के अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्र) राजिंदर चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दौरे पर आए मीडिया प्रतिनिधिमंडल को बताया कि हरियाणा राज्य अगले वर्ष से ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय लक्ष्य 2030 है। उन्होंने कहा कि एनईपी प्रगतिशील, वैज्ञानिक और रोजगारोन्मुखी है। राज्यपाल ने मातृभाषा के महत्व पर बात करते हुए कहा कि दुनिया भर के देशों की तरह उच्च शिक्षा में भी क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने से सीखने की प्रक्रिया में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गीता से संबंधित 182 तीर्थस्थलों को विकसित किया जाएगा आज से शुरू हुए 9वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के बारे में चर्चा करते हुए राज्यपाल ने याद दिलाया कि कैसे भगवद्गीता पर्यावरण पर जोर देती है और हमें प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करने की चेतावनी देती है। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान इस विषय पर लगभग 700 शोध पत्रों पर चर्चा की जाएगी। अब तक, गीता से संबंधित कुल 182 तीर्थस्थलों की पहचान की गई है और 112 को हरियाणा में तीर्थस्थलों के रूप में विकसित करने के लिए अधिकृत किया जा रहा है।

## केंद्र सरकार और एडीबी ने मेघालय में जल संचयन परियोजना के लिए 50 मिलियन डॉलर के लोन पर किए हस्ताक्षर

**डेमोक्रेटिक फ्रंटनई दिल्ली।** भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने गुरुवार को मेघालय में जल संचयन परियोजना के निर्माण के लिए 50 मिलियन डॉलर के लोन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य जल-संचयन प्रणालियों का निर्माण करके जल सुरक्षा को बढ़ाना है, ताकि जल तक पहुंच में सुधार हो और पूर्वोत्तर राज्य में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना से मेघालय के 12 जिलों में 532 छोटी जल-भंडारण सुविधाओं के निर्माण में मदद मिलेगी, साथ ही किसानों के लिए विश्वसनीय सिंचाई क्षेत्र उपलब्ध कराने के लिए 3,000 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इस परियोजना से गारो, जैंतिया और खासी क्षेत्रों में जलवायु डेटा एकत्र करने और निगरानी करने के लिए 50 मौसम केंद्र और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली भी स्थापित की जाएगी। यह मेघालय राज्य जल नीति (एमएसडब्ल्यूपी) 2019 के अनुरूप है। एडीबी के इंडिया रेजिडेंट मिशन के कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने कहा, फाइनेंसिंग के अलावा एडीबी के वैल्यू एडिशन में एमएसडब्ल्यूपी को लागू करने में राज्य की सहायता करना और जल सुरक्षा योजनाओं में जलवायु अनुकूलन उपायों को एकीकृत करने पर मार्गदर्शन प्रदान करना शामिल होगा। ओका ने आगे कहा कि इसमें आर्थिक विकास के लिए कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी, जल आपूर्ति और अन्य उत्पादक आजीविकाओं का समर्थन करने के लिए जल संचयन प्रणाली (डब्ल्यूएचएस) डिजाइन करना शामिल है। आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य सहभागी दृष्टिकोण के माध्यम से राज्य के जल संसाधनों का सतत विकास, प्रबंधन और उपयोग करना और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देना है। यह परियोजना सूक्ष्म जलग्रहण क्षेत्रों और आपदा जोखिम प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए पूरे राज्य में जल संसाधन प्रबंधन मास्टर प्लान विकसित करने में मदद करेगी। यह गांव स्तर पर जल सुरक्षा योजनाओं के निर्माण का मार्गदर्शन करेगा, जिसका प्रबंधन गांव रोजगार परिषदों, वाटरशेड प्रबंधन समितियों और जल उपयोगकर्ता संघों द्वारा किया जाएगा। एडीबी जल प्रबंधन, संचालन और प्रबंधन में मेघालय राज्य जलग्रहण और बंजर भूमि विकास एजेंसी और मृदा एवं जल संरक्षण विभाग की क्षमता को मजबूत करने में भी मदद करेगा।

## सुखबीर सिंह बादल पर हमले के बाद अलर्ट पर पंजाब पुलिस

### अकाल तख्त से सजा पाने वाले सभी नेताओं की बढ़ी सुरक्षा

### सुखबीर बादल पर गोली चलाने वाला आतंकी चौड़ा तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**डेमोक्रेटिक फ्रंटचंडीगढ़।** श्री हरिमंदिर साहिब के प्रवेश द्वार पर पहरेदारी की सजा भुगत रहे पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हुए हमले के बाद श्री अकाल तख्त साहिब से लगाई गई सजा भुगत रहे सभी नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस का मानना है कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के विरोधी इन नेताओं पर हमले कर सकते हैं। लंबी पूछताछ के बाद भी सुखबीर पर गोली चलाने वाले आतंकी नारायण सिंह चौड़ा से पुलिस कुछ नहीं उगलवा सकी है। गुरुवार को अदालत में पेश कर पुलिस ने उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया है। बुधवार को सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले के बाद गुरुवार को तमाम पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा की समीक्षा की गई। मौजूदा हालात को देखते हुए सभी की सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला हुआ। गुरदासपुर जिले के चौड़ा गांव निवासी आतंकी नारायण सिंह चौड़ा को गुरुवार रात अमृतसर स्थित पंजाब के एक मात्र ज्वाइंट इंटेरोगेशन सेंटर (जेआइसी) में पूछताछ के लिए ले जाया जाएगा। एनआइए, आइबी, सहित करीब आधा दर्जन एजेंसियों के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपित ने कई राज खोले हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चौड़ा से बरामद ग्लॉक पिस्तौल को दो वर्ष पहले पाकिस्तान से तस्करी के जरिये लाया गया था। उस पर कुल 31 केस दर्ज हैं। श्री अकाल तख्त साहिब से सुखबीर सिंह बादल के अलावा सुखदेव सिंह ढींडसा, सुच्चा सिंह लंगाह, हीरा सिंह गाबडि़या, बलविंदर सिंह भूंदड़ , गुलजार सिंह रणिके और डॉ. दलजीत सिंह चीमा को भी सेवा लगाई गई है। श्री हरिमंदिर साहिब में दो दिन की सजा भुगतने के बाद सुखबीर बादल गुरुवार सुबह करीब 8ः50 बजे श्री आनंदपुर साहिब स्थित तख्त श्री केसगढ़ साहिब पहुंचे। इस दौरान उन्हें करीब साढ़े चार सौ पुलिस कर्मचारियों के सुपर सिक्योरिटी घेरे में रखा गया। एसजीपीसी की टास्क फोर्स के सौ कर्मचारी और यूथ अकाली दल की ब्रिगेड के सौ के करीब युवाओं ने भी उन्हें अपने घेरे में ले रखा था। उन्होंने सबसे पहले सेवादार का नीला चोला पहन, गले में तख्ती डालकर और हाथ में बरछा पकड़कर दस बजे तक मुख्य द्वार पर पहरेदारी की सेवा निभाई। इसके उपरांत व्हील चेयर पर बैठकर कीर्तन श्रवण किया और अन्य मंत्रियों के साथ संगत के जूठे बर्तन और जूते साफ करने की सेवा निभाई। बता दें कि श्री हरिमंदिर साहिब में दो दिन की धार्मिक सजा पूरी करने के बाद सभी नेताओं ने तख्त श्री केसगढ़, तख्त श्री दमदमा साहिब, गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब और गुरुद्वारा श्री मुक्तसर साहिब में दो-दो दिन सजा भुगतनी है।

### 14 नई लैंड क्रूजर गाड़ियां खरीदने की तैयारी में मान सरकार, सीएम के काफिले में होंगी शामिल

**डेमोक्रेटिक फ्रंटचंडीगढ़।** पंजाब सरकार 14 नई लैंड क्रूजर गाड़ियां खरीदने की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक से गाड़ियां मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल होंगी। इन गाड़ियों को खरीदने के लिए लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस मामले में गृह विभाग ने फाइल तैयार कर ली है और अनुमति मिलते ही नई गाड़ियां खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

नई लैंड क्रूजर गाड़ियों की खरीद के पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि वर्तमान में चल रही गाड़ियों की लाइफ खत्म हो चुकी है। वहीं मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई कमी न रहे इसके लिए नई गाड़ियां खरीदना जरूरी है। इसी के चलते सरकार ने नई लैंड क्रूजर खरीदने की तैयारी की है। इससे पहले पंजाब सरकार की ओर से 2016 में लैंड क्रूजर वाहनों का एक बेड़ा खरीदा गया था।

ट्रेजरी विभाग ने मंजूरी नहीं दी

राज्य के मुख्यमंत्री को पिछले कई दशकों से सुरक्षा के मद्देनजर अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि यह पाकिस्तान का सीमावर्ती क्षेत्र होने के साथ-साथ 29 साल पहले 31 अगस्त 1995 को पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या कर दी गई। जिसके बाद पंजाब के हर मुख्यमंत्री वाहनों की उम्र आठ साल मानी जाती है, जो 9 साल से चल रही है। इससे पहले 2019 में गाड़ियां खरीदने की कोशिश की गई, लेकिन ट्रेजरी विभाग ने मंजूरी नहीं दी। गृह विभाग की ओर से 2019 में मुख्यमंत्री के काफिले के लिए 14 नई लैंड क्रूजर गाड़ियां खरीदने की भी कोशिश की गई थी, लेकिन वित्त विभाग ने उस समय इस खरीद की अनुमति नहीं दी थी। बढ़ी हुई सुरक्षा के साथ, मुख्यमंत्री को केवल बुलेट-प्रूफ वाहनों में यात्रा करने की अनुमति है। पंजाब गृह विभाग पंजाब के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के लिए 2016 क्रूजर गाड़िया खरीदी गईं। इन गाड़ियों को खरीदने के बाद इन्हें नियमित रूप से बुलेट प्रूफ भी किया जाता था ताकि इनमें बैठने वाले वीवीआईपी लोगों की जान किसी भी तरह से खतरे में न पड़े। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि प्रोटोकॉल के मुताबिक लैंड क्रूजर गाड़ियों की उम्र हमेशा 8 साल मानी जाती है और मुख्यमंत्री भगवंत मान के काफिले में अभी चलने वाली गाड़ियों की उम्र जल्द ही 9 साल हो जाएगी।

#### पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान हादसा

### हैदराबाद में बेकाबू हुई भीड़, भगदड़ में एक महिला की मौत; 2 घायल

**डेमोक्रेटिक फ्रंटनई दिल्ली.** अल्लू अर्जुन को देखने के लिए फैंस कितने क्रेजी हो उठते हैं ये बात किसी से छिपी नहीं है। इसी का नतीजा है कि उनकी फिल्म पुष्पा 2 के अनाउंसमेंट के बाद से पब्लिक के बीच इसकी दीवानगी देखी जा सकती थी। वहीं ट्रेलर रिलीज और बीच बीच में आ रहे इसके पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया था। अब आखिरकार 5 दिसंबर को पुष्पा 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। वहीं हैदराबाद में रिलीज से एक दिन पहले फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी। जहां अल्लू अर्जुन को देखने के लिए अचानक से भगदड़ मच गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। दरअसल हैदराबाद के संध्या थिएटर में इसका प्रीमियर रखा गया था। इस मौके पर अल्लू अर्जुन भी थिएटर में मौजूद थे। हालांकि, स्टार की मौजूदगी के कारण भीड़ को काबू करना मुश्किल हो गया। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए भारी संख्या में लोग भी वहां पहुंचे। बेकाबू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए प्रशासन ने हल्का लाठीचार्ज भी किया। मृतक महिला का नाम रेवती बताया जा रहा है। पुलिस ने सीपीआर भी दिया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। वहीं एक घायल लड़के को भी अस्पताल भेजा गया।

### किसानों का दिल्ली कूच कल, रोकने के लिए शंभू बार्डर पर प्रशासन ने की तैयारी

**डेमोक्रेटिक फ्रंटशंभू.** कल किसानों ने दिल्ली कूच करना है। इसके लिए पंजाब और हरियाणा पुलिस अलर्ट पर है। आज शंभू बॉर्डर पर किसानों और पुलिस प्रशासन के बीच बैठक हुई। वही, शंभू बॉर्डर पर हरियाणा प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग के आगे पर्दे लगा दिए हैं, ताकि पीछे से कुछ दिखाई न दे। इस बारे में अभी कुछ भी कहना मुश्किल है, लेकिन इतना साफ है कि किसानों ने कल दिल्ली कूच की योजना बनाई है और उससे पहले प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई उनकी तैयारी को दर्शाती है। यहां जाली और टेंट लगाए जा रहे हैं। हरियाणा प्रशासन ने भी किसानों से अपील की है कि प्रदर्शन और पैदल कूच पर दोबारा विचार करें। दिल्ली पुलिस से मंजूरी के बाद ही जाएं अन्यथा इसे रद्द करें। अंबाला जिला प्रशासन की ओर से शंभू बॉर्डर पर एक नोटिस चिपकाया गया है। इस नोटिस में लिखा है कि अगर किसान दिल्ली पुलिस की परमिशन ले लेते हैं तो ही उन्हें आगे जाने दिया जाएगा।

### अब बैंक अकाउंट में अब जोड़े जा सकेंगे 4 नॉमिनी, लोकसभा में पारित हुआ नया बैंकिंग कानून

**डेमोक्रेटिक फ्रंटनई दिल्ली.** ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, लोकसभा ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित कर दिया है। यह विधेयक बैंक खाताधारकों को अपने खातों में अधिकतम चार नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देता है। नामांकित व्यक्तियों की अधिक संख्या का उद्देश्य बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशियों को कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जमाकर्ताओं के पास क्रमिक या एक साथ नामांकन की सुविधा होगी, जबकि लॉकर धारकों के पास केवल क्रमिक नामांकन होगा। एक और बड़ा बदलाव निदेशक पदों के लिए 'पर्याप्त ब्याज' को फिर से परिभाषित करने से जुड़ा है, जो लगभग छह दशक पहले तय की गई 5 लाख रुपये की मौजूदा सीमा के बजाय 2 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, भारत का बैंकिंग क्षेत्र राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है। हम एक भी बैंक को संघर्ष नहीं करने दे सकते। 2014 से, हम इस बात को लेकर बेहद सतर्क रहे हैं कि बैंक स्थिर रहें। हमारा इरादा अपने बैंकों को सुरक्षित, स्थिर और स्वस्थ रखना है और 10 साल में हर कोई इसका नतीजा देख रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था को फायदा हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, आज बैंकों को पेशेवर तरीके से चलाया जा रहा है। मेट्रिक्स स्वस्थ हैं, इसलिए वे बाजार में जा सकते हैं, बॉन्ड और ऋण जुटा सकते हैं।

## एक नजर

### स्कूल, पंचायतों व विभागों की दीवारों पर नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और पोर्टल को लिखा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और नालसा पोर्टल के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के दिए। इस पहल का उद्देश्य कानूनी सहायता सेवाओं को सभी के लिए आसानी से सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पंचकूला जिले में सार्वजनिक स्थानों पर दीवारों पर दृश्य प्रदर्शनों के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है। नालसा हेल्पलाइन और पोर्टल के बारे में जानकारी जिले के हर कोने तक पहुंचे। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों और संस्थानों को इस प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचकूला के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जिले के सभी स्कूल प्रमुख अपने-अपने स्कूलों में एक दीवार पर नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और नालसा पोर्टल की जानकारी लिखें। उन्होंने पुलिस उपायुक्त पंचकूला से अनुरोध किया गया है कि वे सभी स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को निर्देश दें कि वे पुलिस स्टेशनों की बाहरी दीवारों पर हेल्पलाइन नंबर और पोर्टल की जानकारी प्रमुखता से लिखें। जिला के सभी सरकारी विभागों को अपने कार्यालयों की बाहरी दीवारों पर नालसा हेल्पलाइन की जानकारी के बारे में कहा गया। उन्होंने कहा कि इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य जनता को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और नालसा पोर्टल के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता की उपलब्धता के बारे में एक मजबूत दृश्य अनुस्मारक प्रदान करना है। हेल्पलाइन और पोर्टल को बढ़ावा देकर, इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को न्याय तक पहुंच प्रदान करके सशक्त बनाना है।

### समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने गुरु परिवार द्वारा आयोजित श्री हनुमंत कथा में मुख्यातिथि के रूप में करी शिरकत

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** हरियाणा के समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज जनैन्द्र गुरुकुल स्कूल सेक्टर-1 के ऑडिटोरियम में गुरु परिवार द्वारा आयोजित श्री हनुमंत कथा में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होनें कहा कि हमें हनुमान जी द्वारा किए गए कार्यों व उपदेशों पर अमल करना चाहिए। श्री बेदी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विकास जी महाराज को आज कौन नहीं जानता है। उनके द्वारा दिए गए श्री राम और हनुमान के प्रवचनों को सुनने के लिए आज पूरे पंचकूला के लोग एकत्रित हुए है। उत्तर भारत में स्वामी जी का नाम बडे आदर से लिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि पूरे भारत से लाखों अनुयायी इनसे जुडे है। मैं भी उनका एक छोटा सा अनुयायी हूं। उन्होंने कहा कि कोई शिक्षा के क्षेत्र में कोई चिकित्सा कोई सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा हैं और सीमा पर खडे जवान मुस्तेद होकर देश की सुरक्षा कर हमें चैन की नींद सोने का अवसर प्रदान कर रहे है। उन्होनें बताया कि स्वामी जी पैदल यात्रा के माध्यम से देश के लोगों को एकता व अखंडता के लिए कार्य और प्रवचन देकर देश हित में कार्य करने का संदेश दें रहे है। उन्होंने बताया कि किस तरह श्री राम के साथ जुडकर हनुमान जी ने उनके शत्रुओं का विनाश करने के लिए पर्वत को उठा लिया था और रावण की लंका में आग लगाकर माता सीता को रावण के चुंगल से निकालने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर राजस्थान के अजमेर से आई साधवी अनाधि सरस्वती भी उपस्थित थी। इस अवसर पर जनैंद्र गुरुकुल स्कूल की प्रिंसीपल व अध्यापकों ने भी स्वामी जी द्वारा दिए गए प्रवचनों को सुना। इस अवसर पर बीजेपी के नेता देसराज पोशवाल, समस्त गुरु परिवार के सदस्य ऋषिपाल, प्रदीप, नीरज, अश्वनी खुराना, श्यामलाल जिंदल, सुधीर बंसल, सीआर हुडा, डॉ प्रदीप राठौर ने भी स्वामी जी द्वारा दिए हुए प्रवचनों को सुना।

### जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा नियंत्रित क्षेत्र बरवाला में 6 दुकानों को जेसीबी से किया ध्वस्त

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा नियंत्रित क्षेत्र बरवाला में 6 दुकानों को जेसीबी द्वारा ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक नगर योजनाकार अशोक कुमार, डीम्पी राठी व ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पंचकूला उपमंडल अभियंता रविन्द्र व भारी पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया जाता है कि विभाग से सीएलयु/लाईसेंस की अनुमति लिए बिना काटी गई अवैध कॉलोनियों में मकान या दुकान ना लेंवें, ताकि जनता की कड़ी मेहनत का पैसा बर्बाद न हो और अनाधिकृत अवैध निर्माणों पर रोक लग सके। सहायक नगर योजनाकार ने बताया कि उक्त दुकानों की तोड़-फोड़ करने से पहले विभाग द्वारा नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन चूककर्ताओं द्वारा इन दुकानों को नहीं हटाया गया, जिस कारण विभाग को यह कार्यवाही करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि कोई भी निर्माण करने या कॉलोनी विकसित करने से पहले निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से अनुमति लिए बिना कोई भी अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित की जाती है तो विभाग उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही जारी रखेगा।

# सीआरबी पब्लिक स्कूल ने स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया

### सी.आर.बी पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 बी चंडीगढ़ ने खेल दिवस मनाया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** सी.आर.बी पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 बी चंडीगढ़ में खेल और मनोरंजन से भरपूर चार दिवसीय रोमांचक स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के डायरेक्टर सर श्री नवीन कुमार मित्तल जी द्वारा कलिस्थानिक ड्रिल में झंडो की सलामी लेकर की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है , जैसे शिक्षा हमारे लिए बहुत ज़रूरी है इसी तरह खेल भी हमारे जीवन में उतने ही उपयोगी हैं, खेलों द्वारा विद्यार्थी में अनुशासन, नेतृत्व, आपसी सामंजस्य और टीम वर्क की भावना विकसित होती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। किंडरगार्डन के नर्सरी से यूकेजी तक के सभी विद्यार्थियों द्वारा की गई विभिन्न प्रकार की रेस ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया ।सबकी निगाहें उनके ऊपर से हट ही नहीं रही थी। नन्हे -मुन्ने विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं





तक के विद्यार्थियों ने कई तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लिया जैसे - पेयरिंग विद पार्टनर ,हुला -हुप, रिले रेस,बैलेंस द हांडी, स्पाइडर रेस, बैलेंस द कोन, गेटिंग रेडी फॉर स्कूल और स्केटिंग। सभी विद्यार्थी बैडमिंटन, स्किपिंग , कैरम, चेस ,खो-खो, लॉन्ग जम्प और शॉटपुट में बड़े पूर्वक भाग ले रहे थे । सभी विद्यार्थियों में जीत का जुनून देखते ही बनता था। हर विद्यार्थी खेल में जीतने के लिए अपना पूरा योगदान दे रहा था। इस इंटर हाउस प्रतियोगिता में कल्पना चावला हाउस (ब्लू हाउस) ने फर्स्ट स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिताओं में विजयी हुए विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल की



प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता मित्तल जी ने सभी छात्रों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उन्हें समझाया कि उज्जवल जीवन के साथ भविष्य में विभिन्न खेलो को अवश्य खेलते रहना चाहिए।

## उपायुक्त ने आशिमा सूद की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसीपी को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



### समाधान शिविर में सात लोगों की शिकायत हुई प्राप्त

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उन्होने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर शिकायतों का निपटान किया जा रहा है।

उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील की कि वो समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर जिले के लोगों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। इसमें कोताही की कोई गुंजाईश नही है। उपायुक्त ने माता मनसा देवी सैक्टर- 6 आशिमा सूद की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित एसीपी को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने हंगौली गांव के बलजीत सिंह की शिकायत पर गांव में नाले के निर्माण करने की मांग पर संज्ञान लेते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौके पर जाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने व जल्द से जल्द नाले के निर्माण कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मोरनी गांव के व्यक्ति की मकान की छत ठीक करवाने की मांग पर डीडब्लयूओ को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अमित की आय ज्यादा होने के कारण राशन कार्ड न बनने की समस्या को लेकर शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को आय वैरिफाई करने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में आज जिले के सात लोगों की शिकायत प्राप्त हुई। जिनके जल्द से जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर नगराधीश विश्वनाथ, जिला राजस्व अधिकारी डा. कुलदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, एसीपी आशीष कुमार, डीडब्ल्यूओ विशाल बंसल, एक्सईएन बिजली निगम अशीष चोपड़ा, एक्सईएन पब्लिक हेल्थ समीर शर्मा, एक्सईएन एचएसवीपी एनके पायल, एएफएसओ बलजीत मलिक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सरकार रास्ते रोकने की बजाय बातचीत से किसानों की मांगों का करें समाधान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो ( रघुनंदन पराशर ).** भारतीय किसान एकता (बीकेई) के अध्यक्ष लखविंद्र सिंह औलख ने एक प्रेस बयान में कहा कि सरकार किसानों की मांगों को स्वीकारने की बजाय एक अलग ही माहौल प्रदेश में बना रही है, जिसे लेकर किसानों में सरकार के प्रति भारी रोष है। जारी बयान में औलख ने कहा कि 13 फरवरी 2024 से किसान अपनी मांगों को लेकर फिर से धरने पर हैं। संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा की ओर से शांतमयी तरीके से लिए गए निर्णय के मुताबिक किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल किसानों की मांगों को लेकर 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण-अनशन पर बैठे हैं। सरकार द्वारा मानी हुई मांगों को लागू होने तक आमरण अनशन जारी रहेगा उसके लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए तैयार हैं औलख ने कहा कि किसान निर्धारित रूट के अनुसार ही शंभू मोर्चे से दिल्ली की ओर कूच करेंगे। इसके अलावा किसी अन्य रास्ते से दिल्ली में नहीं जाएंगे। पूर्व की भांति सरकार की ओर से सिरसा जिला के आसपास लगते क्षेत्रों में बेरिकेडिंग की जा रही है, जिसके कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। औलख ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने किसानों को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों को अवरोधक व लोहे की कीलें लगाकर रोक दिया था।

## पीएम मोदी नौ दिसंबर को पानीपत से करेंगे बीमा सखी योजना की शुरूआत, पूरे देश की महिलाओं को मिलेगा लाभ : बड़ौली



### बीमा सखी योजना लाखों महिलाओं की जिंदगी को बदलने वाली योजना

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ब ?ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पानीपत से बीमा सखी योजना की शुरुआत करेंगे। बीमा सखी योजना लाखों महिलाओं की जिंदगी को बदलने वाली योजना है। इस योजना से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और महिला सशक्तिकरण की दिशा में बीमा सखी योजना कारगर साबित होगी। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाली बीमा सखी योजना की शुरूआत हरियाणा की भूमि पानीपत से करने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस योजना से पूरे देश की लाखों-करोडों महिलाएं लाभान्वित होंगी। श्री बडौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में बीमा सखी योजना की अहम भूमिका रहेगी।

गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष बडौली यमुनानगर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा सदस्यता अभियान की समीक्षा की। लक्ष्य पूरा करने पर श्री बडौली ने यमुनानगर जिला के कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यमुनानगर जिला सदस्यता अभियान में पूरे प्रदेश में तीसरे नंबर पर है। उन्होंने यमुनानगर जिला से अधिक से अधिक महिलाओं व आम जन को 9 दिसंबर को पानीपत पहुंचने का आह्वान भी किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने प्रदेश अध्यक्ष को भरोसा देते हुए कहा कि यमुनानगर से अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 8 नवंबर को सदस्यता अभियान की शुरूआत की थी। अभी तक हरियाणा में 27 लाख से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है। उन्होंने कहा कि हमने 50 लाख लोगों को भाजपा से जोड़ने का जो लक्ष्य रखा है उसे हम जल्द पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब 10 दिसंबर तक सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चलेगा। श्री बडौली ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने 50 से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ा है उन्हें ही सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा। मोहन लाल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूरे देश में 11 करोड लोगों को भाजपा से जोड़ने का लक्ष्य रखा था। अब तक देश भर में 12 करोड़ से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जन आशीर्वाद से केंद्र और हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनी है। भाजपा की देश और प्रदेश में आगे भी लगातार सरकार बने इसके लिए हम संगठन को और अधिक मजबूत कर रहे हैं। किसानो के सवाल पर बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने ही किसानों को सम्मान दिया है।

# पंजाब विश्वविद्यालय और यूके के क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ नेटवर्क ने क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ पर महत्वपूर्ण कार्यशाला की शुरुआत की

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आज चंडीगढ़ में शुरू हुई। दो-दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यशाला उत्तर भारत प्रारंभिक कार्यशाला - क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ का आयोजन पंजाब विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग द्वारा यूके के क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ नेटवर्क और ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन, चंडीगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है। इस दो-दिवसीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर चंडीगढ़, सुश्री कैरोलाइन रोवेट और पंजाब विश्वविद्यालय के अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. योजना रावत थीं। अपने उद्घाटन भाषण में, सुश्री रोवेट ने बताया कि यूके सरकार अपने क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ कार्यक्रम के माध्यम से विकासशील देशों में कम-कार्बन विकास और अनुसंधान पहल का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि जलवायु संकट को कुछ अलग-अलग प्रयासों या किसी एक देश की कार्रवाई से हल नहीं



किया जा सकता। इसके लिए वैश्विक सहयोग और त्वरित, निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। प्रो. रावत ने हरित नवाचारों में निवेश करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता और लचीलेपन का मार्ग तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय की इस कार्यक्रम में भागीदारी केवल एक परियोजना नहीं है, बल्कि विकसित भारत (विकसित राष्ट्र) के लिए स्थायी विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता और मूल्यों का प्रतिबिंब है। इस कार्यशाला का समन्वय यूके के क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ नेशनल पार्टनरशिप्स टीम की डॉ. एलिजाबेथ टेनीसन, ब्रिटिश हाई कमीशन चंडीगढ़ की सीनियर एडवाइजर सुश्री मधु मिश्रा, और पंजाब विश्वविद्यालय की प्रो. रमनजीत कौर जौहल व प्रो. सुमन मोर ने किया। उन्होंने बताया कि यह नेटवर्क मुख्य रूप से जलवायु-संगत स्थायी शहरों, हरित ऊर्जा और स्थायी कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर काम करेगा।

डॉ. टेनीसन ने कार्यशाला को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर भारत के प्रमुख विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर जलवायु-संगत विकास को समर्थन देने वाले अनुसंधान परियोजनाओं का सह-निर्माण करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय के साथ मजबूत साझेदारी की सराहना की और भविष्य में सहयोग की आशा जताई। सुश्री मिश्रा ने कहा कि क्लाइमेट-कंपैटिबल ग्रोथ कार्यक्रम आर्थिक विकास को पर्यावरणीय संरक्षण के साथ संतुलित करने की एक सक्रिय रणनीति है। कार्यशाला का पहला तकनीकी सत्र ग्रीन एनर्जी पर केंद्रित था, जिसकी अध्यक्षता पंजाब विश्वविद्यालय के ष्ट्ढरुनिदेशक प्रो. गौरव वर्मा ने की। इस सत्र में पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी के निदेशक श्री एम.पी. सिंह ने पंजाब की हरित ऊर्जा प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। बायोशक्ति के निदेशक श्री गुरजोत सिंह ने औद्योगिक अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन पर चर्चा की। ढ्ढष्टस्न कंसल्टिंग के निदेशक श्री पुनीत गोयल ने ग्रीन हाइड्रोजन पर वैश्विक दृष्टिकोण साझा किया, जबकि यूसीएल एनर्जी इंस्टीट्यूट, लंदन के रिसर्च फेलो श्री लियोनहार्ड होफबाउर ने ऊर्जा प्रणाली मॉडलिंग पर ष्टष्टत्र के शोध को प्रस्तुत किया। प्रो. वर्मा ने सत्र का समापन करते हुए टिकाऊ विकास के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। दोपहर का सत्र सस्टेनेबल एग्रीकल्चर पर केंद्रित था, जिसकी अध्यक्षता पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के पूर्व कुलपति डॉ. बी.एस. घुम्मन ने की। इस सत्र में पंजाब के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन निदेशालय के श्री गुरहरमिंदर सिंह ने टिकाऊ कृषि प्रथाओं और कार्बन क्रेडिट पर प्रस्तुति दी। पंजाब विश्वविद्यालय के यूबीएस की प्रो. सुवीरा गिल ने टिकाऊ कृषि के भविष्य के मार्ग पर चर्चा की।

#### गोविंदपुरी पहुंचने पर हुआ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन

### नगर निगम में भी बनेगी भाजपा की सरकार : भाजपा अध्यक्ष

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक बडोली गोविंदपुरी भाजपा नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य राकेश त्यागी के निवास स्थान पर पहुंचे तो वहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनी। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मेयर मदन चौहान तथा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा की उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने जनता तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता जनार्दन ने तीसरी बार फिर प्रदेश में और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने का काम किया है। जनता जनार्दन का भाजपा पर भरोसा है और भाजपा जनता जनार्दन के लिए ऐसी योजनाएं बना रही है जिससे उनका हित हो। उन्होंने कहा कि चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की दोनों ही सरकार है सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास फार्मूले पर काम कर रही हैं। मोहनलाल ने कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता की समस्याओं को भी जाना है। सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर हल किया जाएगा। तीसरी बार केंद्र व राज्य में बनी सरकार जनता के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं बना रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दरवाजे हर किसी के लिए खुले हैं तथा केंद्र में मोदी सरकार द्वारा देश हित में निर्णय लिए जा रहे हैं और विदेशों में भी देश का मान सम्मान बढ़ रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश त्यागी ने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल का गोविंदपुरी यमुनानगर पहुंचने पर अभिनंदन किया और कहा कि आने वाले नगर निगम के चुनाव में भी भाजपा का ही परचम शहर की जनता फहराएगी। इस मौके पर जेएन कश्यप, रोशन लाल, सत्यम, अभय, सुमन बहमनी, अभिषेक मोदगिल, सतपाल शर्मा, अंकुश, अजयशर्मा, रामेश्वर चौहान, करनीश शर्मा, पवन बिट्टू आदि मुख्य रूप से उपस्थित है।

# हाई कोर्ट में 127 रक्तदानियों ने किया रक्तदान



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर गेट नंबर 4 हाई कोर्ट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी चंडीग? ने एहम भूमिका निभाई। शिविर सुबह 10ः00 बजे शुरू हुआ और दोपहर बाद 3ः30 बजे तक चला। शिविर में 145 डोनर्स ने रक्तदान करने के लिए रजिस्टर करवाया 18 को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से रक्तदान करने के लिए मना कर दिया गया। ब्लड बैंक पीजीआई चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर एकता परमजीत की देखरेख में 127 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। विश्वास फाउंडेशन के सेक्रेटरी ऋषि सरल विश्वास ने बताया कि शिविर का उद्घाटन विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास, पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जसदेव सिंह बराड़, आनरेरी सचिव स्वर्ण सिंह टिवाना, जॉइन्ट सेक्रेटरी परवीन दहिया सिंगला व ट्रेसरार सन्नी नामदेव, एडवोकेट रवींद्र सिंह रंधावा, एडवोकेट चंचल के सिंगला, एडवोकेट परमिंदर सिंह सेखों, एडवोकेट तनुज गोयल, एडवोकेट जय सूर्या, राजिंदर भाटिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके व रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया गया। इस रक्तदान शिविर में एचडीएफसी बैंक से मोहित अम्बा व लाल चंद ने शिरकत करके डोनर्स का हौसला बढ़ाया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान महादान है और रक्त का कोई विकल्प नहीं है और न ही इसे कृत्रिम तरीके से बनाया जा सकता। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जसदेव सिंह बरा? ने बताया कि पूर्व में रक्तदान से शरीर में कमजोरी आना व बीमारी लगने जैसी अनेक प्रकार की भ्रांतियां थी परंतु आज यह भ्रांतियां दूर हो चुकी है और हमारे युवा बड़ी संख्या में रक्तदान कर रहे है। यह प्रसन्नता का विषय है कि आज हमारी बेटियां भी रक्तदान के मामले में लड़कों से पीछे नहीं है और स्वयं आगे आकर रक्तदान कर रही है। समय पर रक्त की उपलब्धता होने से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। यदि हम रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचा सकते है तो इससे बड़ा उपकार नहीं हो सकता। शिविर की समाप्ति पर सभी रक्तदाताओ को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से विकास कालिया, श्याम सुंदर साहनी, सविता साहनी, अविनाश शर्मा, वर्षा शर्मा, साध्वी प्रीति विश्वास, मधू खन्ना, मंजुला गुलाटी, रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ का स्टाफ रहा।

## एक नजर

### राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन 10 जनवरी से सेवाग्राम, वर्धा में होगा : सुभाष गोयल



**चंडीगढ़।** इस बार गांधी स्मारक प्राकृतिक चिकित्सा समिति, नई दिल्ली की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन सेवाग्राम, वर्धा, महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा जो 10 जनवरी 2025 से शुरू होगा। वरदान नेचुरोपैथी एवं योग इंस्टिट्यूट, चण्डीगढ़ के एमडी सुभाष गोयल ने बताया कि इस सम्मेलन का प्रतिनिधि शुल्क मात्र ?1500 रखा गया है जिसमें निवास एवं भोजन की व्यवस्था संस्था की ओर से रहेगी। इस समारोह में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के छात्र-छात्राएं, प्राकृतिक चिकित्सा प्रेमी और प्राकृतिक चिकित्सा में रुचि लेने वाला कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं तथा इससे संबंधित कोई भी अन्य जानकारी लेने के लिए मोबाइल नंबर 9056725363 पर कॉल कर सकते हैं।

### रेलवे पुल निर्माण में लेफ्ट साइड के रखा गया गार्डर




**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** सिरसा चंडीगढ़ रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा रेलवे पुल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य लगभग 1 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। जिसमें लेफ्ट साइड के गार्डर जो एक अगस्त माह में तारों की खिंचाई के दोरान टूट गया था उसको अब रखा गया है जबकि अन्य गार्डर पहले ही अगस्त माह में रखे जा चुके थे । इस गार्डर का निर्माण बाद में फिर से किया गया था जिस कारण आज उठाने का कार्य किया गया है। हालांकि राइट साइड में भी कुछ गार्डर का रखाव कई दिनों से जारी था जबकि लेफ्ट साइड के नालों के निर्माण के लिए कुछ खुदाई की गई है और उसे पर निर्माण कार्य जारी है । जिससे अब काम में और अधिक तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि नीचे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है हालांकि नालों के निर्माण के लिए नवंबर माह में खुदाई की गई थी जिस पर काम चल रहा है।

### साईं बाबा का 29वां स्वरूप स्थापना दिवस 6 को, कँवर ग्रेवाल करेंगे बाबा का गुणगान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़** शिरडी साईं समाज, चण्डीगढ़ द्वारा सेक्टर 29 स्थित साईं धाम मंदिर में साईं बाबा का 29वां स्वरूप स्थापना दिवस मनाने के लिए तैयारी पूरी हो गई है। मंदिर में बाबा का स्वरूप 29 वर्ष पूर्व 6 दिसम्बर 1995 को स्थापित किया गया था। मंदिर प्रबंधन ने इस दिन को धूमधाम से मनाने की तैयारी की है। 6 दिसंबर की प्रात: 5 बजे मंदिर खुलने से लेकर रात तक के कार्यक्रम होगा। प्रात: 5.00 बजे बाबा की कांकड आरती होगी व 5.45 बजे बाबा के स्वरूप का मंगल स्नान होगा जो बाबा के पुरुष भक्तों द्वारा करवाया जाएगा। इसके बाद 7 बजे बाबा का श्रृंगार होगा व 7.15 बजे बाबा को नाश्ता-भोग अर्पण के बाद महिला भक्तों द्वारा बाबा को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। तत्पश्चात 8 बजे से बाबा का 8 घंटे का लगातार साईं सच्चरित्र का पाठ होगा। दोपहर 12 बजे बाबा की मध्याह्न आरती होगी व शाम 6 बजे की धूप आरती होगी। सायं 7.30 बजे प्रसिद्ध सूफी भजन गायक कँवर ग्रेवाल बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे जो साईं इच्छा तक चलेगा। 8.00 बजे बाबा को भोग के बाद भक्तों के लिए अटूट भंडारा का आयोजन भी किया गया है। इसी बीच मंदिर परिसर को फूलों एवं लाइटों से सुसज्जित किया गया है।

### मां चण्डके देवी मंदिर के प्रधान सुरेश तायल के घर पोती के जन्म पर मनाई खुशियां




**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा..** मां चंडके देवी मंदिर पाबड़ा के प्रधान सुरेश तायल के घर पोती का जन्म होने पर खुशियां मनाई। उनके पुत्र रवि तायल के घर पहली पुत्री का जन्म हुआ हालकि रवि की शादी और नौ वर्ष हो चुके हैं और अब पहले पुत्री ने जन्म लिया उनके जन्म होने पर नाच कर खुशियां मनाई तथा मिठाइयां भी बांटी गई। प्रधान सुरेश तायल ने कहा कि कन्या देवी का रूप है और देवी रूप में कन्या ने जन्म लिया है यह सब मां चंडके का आशीर्वाद है पहले पुत्री होने पर देवी आई है जिसके स्वागत में खुशियां मनाई जा रही है।

## श्री दरबार साहिब दीवार पर गोली लगने के बाद अकाल तख्त बब्बर खालसा के आतंकवादियों को पंथ से बाहर करें: वीरेश शांडिल्य

**एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने अकाल तख्त के जत्थेदार व शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी को पत्र लिख मांग की है कि नारायण सिंह चौरा के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर पुलिस को पत्र लिखें**



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि 2004 में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे जगतार सिंह हवारा, परमजीत भ्यौरा व जगतार तारा को सुरंग खोद कर चंडीग? बुडैल जेल से फरार करवाने की साजिश रचने वाले नारायण सिंह चौरा ने यह साबित कर दिया कि पंजाब व देश की अमन और शांति को खंडित करने के लिए उनके लिए कोई धार्मिक मान्यता नहीं है इसलिए बब्बर खालसा के आतंकवादी नारायण सिंह चौरा ने पवित्र श्री दरबार साहिब (हरमंदिर) की पवित्रता भंग कर श्री दरबार साहिब में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के बेटे पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल की हत्या की साजिश रची और वह गोली दरबार साहिब की पवित्र दीवार पर लगी जो दरबार साहिब पर हमला ही माना जाएगा जिस पर आज वीरेश शांडिल्य ने शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान व श्री अकाल तख्त के जत्थेदार को पत्र लिखकर नारायण सिंह चौरा को पंथ से निकालने और बब्बर खालसा से जुड़े तमाम आतंकवादियों को पंथ से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने कहा कि बब्बर खालसा के आतंकवादी नारायण सिंह चौरा ने दरबार साहिब की पवित्रता भंग की और सुखबीर सिंह बादल की उस वक्त हत्या करने की साजिश रची जब उन्हें सिखों की सर्वोच्च संस्था श्री अकाल तख्त ने सजा दी। जो हमला सुखबीर बादल पर नहीं बल्कि पवित्र दरबार साहिब व पंजाब में आतंकवाद फैलाने की बब्बर खालसा ने घिनौनी साजिश रची। वीरेश शांडिल्य ने शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रमुख व श्री अकाल तख्त के जत्थेदार से मिलने का समय मांगा और कहा कि इस वक्त पंजाब व देश की अमन और शांति को बचाने के लिए और पंजाब में फिर आतंकवाद न फैल सके हिन्दु सिख भाईचारे को एक होकर चलना होगा। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि दरबार साहिब (हरमंदिर साहिब) परिसर में बब्बर खालसा के आतंकवादी नारायण सिंह चौरा ने हमला बोल यह साबित कर दिया कि आतंकवादियों को कोई धर्म नहीं होता। वह तो राष्ट्र के लिए कोरोना से ज्यादा खतरनाक हैं। वीरेश शांडिल्य ने श्री अकाल तख्त के जत्थेदार को लिखे पत्र में कहा कि बब्बर खालसा के आतंकवादी व गुरू के सिख मुख्यमंत्री सरदार बेअंत सिंह व उनके साथ अन्य निर्दोषों की हत्या करने वाले जगतार सिंह हवारा ने तो उसी दिन श्री अकाल तख्त को चुनौती दे दी थी जिस दिन श्री अकाल तख्त के सामांतर अपने आप को जत्थेदार घोषित कर लिया था। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनका संगठन एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया सुखबीर बादल व उनके परिवार व पंजाब की अमन और शांति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी चौरा ने यह हमला सुखबीर बादल पर नहीं बल्कि दरबार साहिब पर किया है।



## रक्तदान ही रक्त एकत्रण का विकल्प : संजय टंडन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि रक्त ऐसे चीज है, जिसे बनाया नहीं जा सकता है। इसकी आपूर्ति का कोई विकल्प नहीं है, बल्कि रक्तदान के जरिये ही रक्त एकत्रित किया जा सकता है। एक बार रक्तदान करने से किसी को नया जीवन मिल सकता है। संजय टंडन ने सेक्टर-44 मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। रक्तदान शिविर में पहुंचने पर मुख्यातिथि संजय टंडन का एमडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल वोहरा, चेयरमैन विजय जौहरी व कोषाध्यक्ष दिलजीत ठुकराल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं शिविर की अध्यक्षता चंडीग? व्यापार मंडल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह और पार्षद जसमनप्रीत सिंह ने की। संजय टंडन ने कहा कि रक्तदान में केवल एक यूनिट ब्लड लिया जाता है। समाज में भ्रांतियां हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, यह बिल्कुल गलत धारणा है। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और रक्तसंचार भी बेहतर होता है। इसलिए युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। सेक्टर-44 मार्केट एसोसिएशन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं को रक्तदान के लिए आगे आना होगा, तभी लोगों में जागरूकता आएगी। अध्यक्ष अनिल वोहरा ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं और श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट और आजाद टैक्सी यूनियन व पार्क अस्पताल का रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर में सहयोग करने पर आभार जताया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह, रमेश दुग्गल, अजय घई, संदीप धूपर, अनिल गुप्ता, राजिंदर जोशी, टीएस हुंडल, खुशविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, बलजिंदर गुजराल, महासचिव, राजन महाजन, प्रीतपाल सोढ़ी सलाहकार, संजीव ग्रोवर, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह और चंडीग? व्यापार मंडल से विनोद जोशी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

## कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच 6 दिसम्बर को बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की करेंगे सुनवाई

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा मंच की कार्यवाही 06 दिसम्बर 2024 (शुक्रवार) को सुबह 11 से 4 बजे तक कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच (सीजीआरएफ) के कार्यालय फ्लेट नंबर- 520 पॉवर कॉलोनी पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे, जिनमें मुख्यत: बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बहरहाल, मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।




## बीएसएनएल ऑफिस पंचकुला में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध व निवारण अधिनियम 2013 तथा शी बॉक्स के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया : प्रियंका पुनिया



**पंचकूला ( संदीप सैनी ).** आज भारत संचार निगम लिमिटेड सेक्टर 20 पंचकूला के ऑफ़िस में जनरल मैनेजर श्री अनिल भाटिया के नेतृत्व में बीएसएनएल के कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध व निवारण% अधिनियम 2013 तथा शी बॉक्स के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर तथा पोश ट्रेनर प्रियंका पूनिया ने इस कार्यशाला का संचालन किया । इस कार्यशाला में पॉश की इंटर्नल कंप्लेंट कमेटी के सदस्यों ने भाग भी लिया जिनमें श्रीमती रीतू गुप्ता,मीना मातो,धर्मेंद्र कुमार तथा विजय कुमार शामिल है।

इस कार्यशाला में बीएसएनएल के 70 से अधिक कर्मचारी जिनमें महिलाएँ और पुरुष दोनों थे उपस्थित रहे ।पुनिया ने बताया कि किस तरह से इस अधिनियम की ज़रूरत पड़ी और कैसे सुप्रीम कोर्ट ने इसका प्रारूप तैयार किया ।उन्होंने विशाखा गाइडलाइन के बारे में भी अवगत करवाया ।उन्होंने यह भी बताया कि इस अधिनियम के द्वारा महिला व पुरुष कर्मचारियों को कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण में काम करने का प्रावधान है ।उन्होंने शी बॉक्स पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी ।उन्होंने जानकारी दी कि 2024 में इसमें कुछ बदलाव भी किए गए है जैसे पहले कंप्लेंट करने के लिए तीन महीने का समय होता था परंतु अब ये एक साल कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि किस तरह से कहा कि समाज में एक ऐसी विचारधारा का पनपना ज़रूरी है जिसमें हर कोई इंसान है ना की स्त्रीलिंग या पुल्लिंग । किसी भी स्त्री का यौन शोषण तथा प्रताड़ित होना दुर्भाग्यपूर्ण है ।उन्होंने कहा कि कहा कि यह पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए हैं परंतु हमारे समाज में ज़्यादातर पीड़ित महिलाएँ ही होती है ।इस अवसर आईसीसी की चेयरपर्सन ऋतु गुप्ता ने श्रीमती पुनिया का धन्यवाद किया ।

ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372

स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com